भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 4113

जिसका उत्तर 12 अगस्त, 2026 को दिया जाना है

कोयला डिपो में आग

4113. श्रीमती प्रतिभा सुरेश धानोरकर:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को बल्लारपुर क्षेत्र (सस्ती उप-क्षेत्र) में कोयला डिपो में पिछले एक सप्ताह से लगी भीषण आग की जानकारी है जिसके परिणामस्वरूप लाखों टन कोयले की हानि हुई है और यदि हां, तो उक्त आग से कितनी आर्थिक हानि होने का अनुमान है;

(ख) क्या इस घटना की जांच के लिए किसी उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) वायु गुणवत्ता और स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर आग के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं, और

(घ) आग बुझाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कौन-कौन से वैज्ञानिक उपाय और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जा रही हैं?

उत्तर

कोयला एवं खान राज्य मंत्री

(श्री सतीश चन्द्र दुबे)

(क) और (ख): बल्लारपुर क्षेत्र (सस्ती उप-क्षेत्र) में कोयले के स्टॉक में स्वत: हुआ मामूली तापन देखा गया, जिसे उपयुक्त व्यवस्था के साथ तुरंत नियंत्रित किया गया। चूंकि स्वत: हुआ मामूली तापन को तुरंत नियंत्रित किया गया था, इसलिए कोयले का कोई नुकसान नहीं हुआ। घटना की जांच के लिए कोई उच्च स्तरीय जांच समिति गठित नहीं की गई है।

(ग): चूंकि स्वत: तापन की घटना मामूली थी और उपयुक्त व्यवस्था के साथ इसे तुरंत नियंत्रित किया गया था, इसलिए नियमित पर्यावरण निगरानी (आरईएम) प्रणाली में वायु गुणवत्ता पर

किसी प्रतिकूल प्रभाव की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। आरईएम वायु गुणवत्ता में किसी भी बदलाव की वास्तविक समय की निगरानी करता है।

(घ): निम्नलिखित वैज्ञानिक उपाय और मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) तैयार की गई हैं:

- गुंबद के आकार में कोयले के स्टॉक का रखरखाव किया जाता है।
- कोयले के स्टॉक की ऊंचाई 3 मीटर से कम रखी जाती है।
- फर्स्ट इन, फर्स्ट आउट (फीफो) की निकासी नीति का पालन किया जाता है।
- कोयला स्टॉक के चारों ओर निरंतर जल आपूर्ति व्यवस्था के साथ महत्वपूर्ण स्थानों पर फायर हाइड्रेंट का रखरखाव किया जाता है।
- अग्निशमन संगठन का गठन कानून के अनुसार सुनिश्चित किया जाता है।
- पर्याप्त कोयला परिवहन अनुबंध (1.5 गुणा) का पालन किया जाता है।
- स्वतः होने वाले तापन के शुरुआती लक्षणों का पता लगाने के लिए गुणवत्ता निरीक्षण किया जाता है।

*****